प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## हरा भरा एवं स्वच्छ भारत विषय पर स्टार्ट-अप आइडिया प्रतियोगिता आयोजित

पंतनगर। 11 अगस्त 2021। विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय में अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना-कृषि एवं महिलाऐं द्वारा मनाये जा रहे भारत का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत 'हरा भरा एवं स्वच्छ भारत' विषय पर स्टार्ट-अप आइडिया प्रतियोगिता का आयोजन वर्चुअल मोड पर किया गया। इस कार्यक्रम में अधिष्ठात्री, गृह विज्ञान, डा. अल्का गोयल, के साथ निदेशक शोध, डा. अजित नैन; इकाई प्रभारी, अखिल भारतीय समन्वित परियोजना, गृह विज्ञान, डा. दीपा विनय एवं प्राध्यापक, वस्त्र एवं परिधान विभाग, डा. मनीषा गहलौत उपस्थित थे।

डा. नैन ने स्वच्छ और हरा भारत की सरहाना करते हुए बताया कि यह समारोह पर्यावरण तथा समाज के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकता है। डा. अलका गोयल ने समारोह को सराहनीय कदम बताते हुए रियुज एंव रिसाईकिंल्ग के महत्व को बताया साथ ही वेस्ट मैनेंजमैन्ट को बढ़ावा देने की बात भी कही। डा. मनीषा गहलौत ने युवा पीढ़ी को टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल पहल करने के लिए उत्साहित किया। उन्होनें बताया की युवा पीढ़ी को हाथ मिलाकर भारत को स्वच्छ और हरा भरा बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

इस अवसर पर कार्यक्रम में 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा 21 प्रतिभागियों द्वारा पुराने कपड़े, धातु, प्लास्टिक, धागे, जेवर इत्यादि के पुनः चक्रण एवं पुनः उपयोग पर अपने विचार प्रंस्तुत किए। इसके अतिरिक्त अन्य प्रतिभागियों ने जैविक खेती, जैविक उत्पाद एवं प्राकृतिक स्त्रोतों के उपयोग पर भी अपने व्यवसाय हेतु विचार प्रस्तुत किये। स्टार्ट-अप आइडिया प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय के शगुन गोयल प्रथम एवं आकाश शर्मा द्वितीय तथा गृह विज्ञान महाविद्यालय के कामाक्षी वर्मा, तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन डा. बीनू सिंह ने किया। यह कार्यक्रम डा. मनीषा गहलोत के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

*कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर शगुन गोयल (१) एवं तृतीय स्थान पर कामाक्षी वर्मा (२)।*